भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2946**
जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

## कलबुर्गी में लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

2946. श्री राधाकृष्ण:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) कलबुर्गी में लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा और उनकी वर्तमान स्थिति, पूरा होने की समय-सीमा, विलंब के कारण/आवंटित/उपयोग की गई धनराशि आदि का ब्यौरा क्या है; और
(ख) सरकार ने इस क्षेत्र में सभी लंबित और विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) कर्नाटक राज्य के कलबुर्गी में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर चल रही परियोजनाओं का विवरण, स्वीकृत लागत, किया गया व्यय, वर्तमान स्थिति, विलंब के कारण यदि कोई हो तो और परियोजनाओं के पूरा होने की निर्धारित/संशोधित तिथि अनुबंध में दी गई है। क्षेत्र में एनएच परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण और वन मंजूरी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और तेज करना, अन्य हितधारकों के साथ घनिष्ठ समन्वय, विवाद समाधान तंत्र का सुधार, रियायतग्राहियों/ठेकेदारों, विभिन्न स्तरों पर राज्य सरकार के साथ लगातार समीक्षा बैठकें आदि जैसे विभिन्न कदम उठाए गए हैं।

**अनुबंध**

**"कलबुर्गी में लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं" के संबंध में श्री राधाकृष्ण द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2946 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**कलबुर्गी में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर चल रही परियोजनाओं का विवरण, साथ ही स्वीकृत लागत, व्यय, वर्तमान स्थिति, देरी के कारण और परियोजनाओं के पूरा होने की निर्धारित/संशोधित तिथि।**

| क्रम सं . | परियोजना का नाम | एनएच सं. | कुल लंबाई (किमी) | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | संचयी वास्तविक प्रगति % में | आज तक का व्यय (करोड़ रुपये में) | निर्धारित / संशोधित समापन तिथि | विलंब का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएच-150सी के एमएच/केएन सीमा (बडादल) से मराडगी एस अंडोला खंड पर किमी 26.000 से किमी 97.000 तक 6 लेन का पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का विकास। | 150सी | 71.00 | 2355.00 | 36 | 557.00 | 27-जून-25 | लागू नहीं |
| 2 | एनएच-50 पर किमी 54.370 से किमी 101.400 (बीदर से हुमनाबाद खंड) तक पेव्ड शोल्डर सहित दो/चार लेन के निर्माण का शेष कार्य | 50 | 47.03 | 344.79 | 97 | 121.14 | 31-दिसम्बर-24 | भूमि अधिग्रहण और जनउपयोगी सुविधाओं के स्थानांतरण के मुद्दे। |
| 3 | एनएच-150ई पर किमी 35.935 से 39.255 (चौडापुर गांव), किमी 58.220 से किमी 62.290 (अफजलपुर शहर) और किमी 70.125 से किमी 72.920 | 150ए | 7.73 | 125.15 | 66 | 49.34 | 15-जून-25 | लागू नहीं |

<table>
<tr><td></td><td>(बल्लूरगी गांव) तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सड़क का पुर्नसंरेखण</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>4</td><td>एनएच-150 पर (डिजाइन चेनेज) किमी 70.900 से किमी 79.650 तक यादगिरी बाईपास का निर्माण</td><td>150</td><td>8.8</td><td>136.29</td><td>0</td><td>4.2</td><td>अभी तक निर्धारित नहीं</td><td>लागू नहीं</td></tr>
<tr><td>5</td><td>एनएच 150 पर किमी 40.134 (वाडी) एलसी 03 पर 4 लेन आरओबी का कार्य<br>जिसमें बचा हुआ पहुंच मार्ग का कार्य भी शामिल है।</td><td>150</td><td>2</td><td>87.64</td><td>लागू नहीं</td><td>लागू नहीं</td><td>बोली के तहत</td><td>लागू नहीं</td></tr>
<tr><td colspan="7">पीबीएमसी कार्य</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>1</td><td>0 से 1.350 तक</td><td rowspan="7">150</td><td rowspan="7">31.43</td><td rowspan="10">67.42</td><td rowspan="7">15</td><td rowspan="7">0</td><td rowspan="10">18-जुलाई-28</td><td rowspan="10">लागू नहीं</td></tr>
<tr><td>2</td><td>20.6 से 22.60</td></tr>
<tr><td>3</td><td>30.8 से 30.050</td></tr>
<tr><td>4</td><td>1.35 से 19.00</td></tr>
<tr><td>5</td><td>19 से 20.600</td></tr>
<tr><td>6</td><td>25.17 से 30.800</td></tr>
<tr><td>7</td><td>32.05 से 34.00</td></tr>
<tr><td>8</td><td>59.34 से 60.515</td><td rowspan="3">150ई</td><td rowspan="3">10.57</td><td rowspan="3">15</td><td rowspan="3">0</td></tr>
<tr><td>9</td><td>62.5 से 69.850</td></tr>
<tr><td>10</td><td>70.35 से 72.400</td></tr>
</table>

*****